प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान दौरे पर, जोधपुर में पांच हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण ।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रीपरिषद की बैठक आज, कई अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर।
3. एशियाई खेलों में भारत का शानदार सफर जारी, आज तीरंदाजी में महिला कंपाउंड स्पर्धा में भारत को मिला 19वां स्वर्ण पदक।
4. संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल में आज भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने इन जिलों में जारी किया येलो अलर्ट।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 9 वर्षों से राजस्थान के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान से भारत के गौरव, शौर्य और समृद्धि की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जी–20 सम्मेलनों के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों ने राजस्थान का भ्रमण किया और यहां की विरासत को सराहा।

प्रधानमंत्री ने जोधपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 350 बिस्तरों वाले ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री एक हजार 135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया आईआईटी जोधपुर का अत्याधुनिक परिसर भी राष्ट्र को समर्पित किया।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक आपदाग्रस्त सिक्किम को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। श्री मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की और स्थिति का जायजा लिया। राज्य में मंगलवार रात को बादल फटने और तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से जान–माल की काफी हानि हुई है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तीन टीम, सेना और वायु सेनाकर्मी राहत और बचाव कार्य में राज्य सरकार की सहायता कर रहे हैं। इस बीच कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में कल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति की हुई बैठक में सिक्किम की स्थिति की समीक्षा की गई।

**********************

झारखंड मंत्रीपरिषद की बैठक आज दोपहर प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनवाली इस बैठक में, कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। इसे लेकर सभी विभागों को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया है।

**********************

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित उन्नति परियोजना से इस वित्तीय वर्ष में एक हजार चार सौ बाइस अकुशल मजदूरों को प्रशिक्षित कर कुशल बना दिया गया है। इन कुशल श्रमिकों को विभिन्न संस्थानों में प्लेसमेंट कराकर नौकरी दिलाई जायेगी साथ ही वे स्वरोजगार भी कर सकेंगे। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की उन्नति परियोजना में अधिकतम 45 वर्ष तक की उम्र के मनरेगा श्रमिकों का कौशल विकास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इन प्रयासों में कुछ नयी कड़ियों को जोड़ते हुए अब राज्य में इस वित्तीय वर्ष 200 श्रमिकों को उन्नति परियोजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**********************

केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन आज रांची के दौरे पर पहुंचे। श्री मुरलीधरन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची के प्रस्तावित भवन का शिलान्यास करेंगे। इससे पहले श्री मुरलीधरन का रांची एयरपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**********************

कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक देवघर उपायुक्त ने की। उन्होने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना और बिरसा आवास निर्माण सहित कई योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से आच्छादित किसानों को 15वीं किस्त की राशि के विमुक्ति के लिए साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है।

**********************

रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम घूमने गई नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा आज हुआ है। जानकारी के अनुसार नाबालिग धुर्वा डैम घूमने गई थी। इसी दौरान नाबालिग से पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। नाबालिग ने जब इसकी जानकारी घर पहुंचकर परिजनों को दी। घरवालों ने तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी। डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया कि तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दो फरार है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**********************

जमशेदपुर के साकची गोल चक्कर से स्ट्रेट माइल रोड और बसंत सिनेमा चौक के समीप से फूटपाथी दुकानदारों को हटाया गया। साथ ही ऑटो चालकों को स्टैंड के भीतर ही गाड़ी लगाने की चेतावनी दी गई। जिले के प्रभारी एएसपी ने बताया कि अभी पूजा का समय आने वाला है। ट्रैफिक काफी रहेगी इसलिए व्यवस्था को सुधारने का अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

कोडरमा में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के बीच कोडरमा–गया रेलखंड के गुरपा और पहाड़पुर स्टेशन पर संभावित लैंड स्लाइडिंग को देखते हुए रेलवे ट्रैक पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

**********************

झारखंड के संताल परगना और कोल्हान प्रमंडल के 8 जिलों में मौसम विभाग ने आज भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि संताल परगना के साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा में भारी बारिश होगी। दुमका, देवघर और जामताड़ा में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से सतर्क रहने को

कहा गया है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि बहुत जरूरी ना होने पर घर से बाहर ना निकलें। किसानों को सलाह दी गई है कि यदि उन्होंने सब्जियां लगाई हैं तो उन्हें तोड़कर रख लें।

**********************

पाकुड़ जिले के हिरनपुर लिटीपाड़ा और पाकुड़िया प्रखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज थ्री के तहत लगभग 40 करोड़ की राशि से बनने वाले वाले सड़कों और पुल निर्माण योजना का शिलान्यास सासंद विजय हांसदा ने किया। मौके पर विधायक दिनेश विलियम मराण्डी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रयाग कुमार मौजूद रहे। सासद श्री हांसदा ने कहा कि सरकार आवागमन दुरुस्त करने की दिशा में हर सम्भव कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों के बनने से गांवों की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

**********************

चीन के हांगचोओ में एशियाई खेलों में भारत का शानदार सफर जारी है। आज तीरंदाजी में महिला कंपाउंड मुकाबले में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने भारत को 19वां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला तींरदाजों ने फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं बैंडमिंटन में पी वी सिंन्धु को क्वॉटर फाइनल में और कुश्ती में अंतिम पंघाल को हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती में 50 किलोग्राम भार वर्ग में पूजा गहलोत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय पुरूष कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत 19 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है।

*******समाप्त********